ईरान के साथ समझौता

3215. श्री राजेन्द्र कुमार शर्मा : क्या विदेश मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि

(क) क्या ईरान के साथ आर्थिक, वैज्ञानिक, सांस्कृतिक तथा तकनीकी क्षेत्रों मे पारस्परिक सहयोग के लिए कोई समझौता हुआ है, और

(ख) यदि हां, तो उसकी मुख्य बातें क्या हैं ?

विदेश मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री एस० कुण्डू) (क) और (ख) ईरान के शहंशाह की यात्रा के समय हुए विचार-विनिमय के दौरान इस बात पर सहमति हुई कि दोनो देशो की आर्थिक वैज्ञानिक, तकनीकी और सांस्कृतिक क्षेत्रो मे अपने आपसी सहयोग को सुदृढ, विविध और समृद्ध करना चाहिए। यात्रा के अन्त मे जारी की गई संयुक्त विज्ञप्ति मे सहयोग के उन क्षेत्रो के विषय मे बताया गया जो विचार-विमर्श के लिए तय किए गए हैं। इनमे दूसरी बातो के साथ-साथ ऋण के रूप मे ईरान द्वारा अतिरिक्त कच्चे तेल की आपूर्ति की पेशकश, पूर्वी तट के बाक्साइट भंडारों पर अल्यूमिना प्रायोजना, त्रिपुरा की कागज और लुगदी फैक्टरी और राजस्थान नहर के द्वितीय चरण जैसी परस्पर सहमत प्रायोजनाओ मे वित्त लगाने अथवा उनमे हिस्सा लेने की पेश कश भी शामिल है। पेट्रो-रसायन के क्षेत्र मे द्विपक्षीय सहयोग की सम्भावनाओ का पता लगाने के लिए पेट्रो-रसायन पर एक उप-समिति का गठन करने का भी निर्णय लिया गया। सांस्कृतिक क्षेत्र मे भारत-ईरान सम्बन्धों के अनुसंधान और इतिहास के अध्ययन को प्रोत्साहन देने के लिए दो पीठ स्थापित करने का निर्णय लिया गया जिनमें एक दिल्ली में होगा और दूसरा तेहरान में। भारत ने 1980 में ईरान मे भारतीय कला और संस्कृति पर एक प्रदर्शनी के आयोजन में सहयोग देना भी स्वीकार किया। उपरोक्त प्रायोजनाओं का आगे का ब्यौरा यथा समय तैयार किया जाएगा।

उत्तर प्रदेश में चलते फिरते डाकघर

3217. श्री राजेन्द्र कुमार शर्मा : क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि

(क) क्या उत्तर प्रदेश मे चलते-फिरते डाकघर प्रारम्भ किए गए है ;

(ख) यदि हां, तो इस समय कितने डाकघर काम कर रहे हैं, और

(ग) उनमे कितनी सफलता मिलने की संभावना है ?

संचार मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री नरहरि प्रसाद सुखदेव साय): (क) जी हां।

(ख) शहरी—13 (इन मे मोटर पर काम करने वाले 2 डाकघर भी शामिल हैं)।

देहाती —5578

योग — 5591

(ग) शहरी इलाको में दी जा रही डाक सेवाओं के अलावा, 16726 गांवो मे, जहां डाकघर नही हैं, देहाती चलते-फिरते डाकघरो के जरिए डाक काउंटर सुविधाओं की व्यवस्था कर दी गई है।